>

Title: The Minister of Parliamentary Affairs made a statement regarding Government Business for the week commencing the 21st August, 2012 and submission made by Members.

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND MINISTER OF WATER RESOURCES (SHRI PAWAN KUMAR BANSAL): Madam, with your permission, I rise to announce that Government Business during the week commencing Tuesday, the 21st of August, 2012, will consist of:

1. Consideration of any item of Government Business carried over from today's Order paper.
2. Further consideration and passing of the National Accreditation Regulatory Authority for Higher Educational Institutions Bill, 2010.
3. Consideration and passing of the Banking Laws (Amendment) Bill, 2011.
4. Discussion on the Statutory Resolution seeking disapproval of the All India Institute of Medical Sciences (Amendment) Ordinance, 2012 and consideration and passing of the All India Institute of Medical Sciences (Amendment) Bill, 2012.
5. Consideration and passing of the North-Eastern Areas (Reorganization) Amendment Bill, 2011.
6. Consideration and passing of the National Institute of Mental Health and Neurosciences, Bangalore Bill, 2012, as passed by Rajya Sabha.

MADAM SPEAKER: Submissions by Members. Shri Kaushalendra Kumar.

**श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा):** महोदया, आगामी सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित दो विषय जोड़े जायें।

1. प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो-दो डीप बोरिंग ट्यूबवेल की स्थापना की नीति।
2. देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक केंद्रीय विद्यालय खोलने की नीति बनायी जाए।

**श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा):** महोदया, अगले सप्ताह की कार्यवाही में निम्नलिखित विषयों को शामिल करने का कष्ट करें।

1. बाल लिंग अनुपात के दृष्टिकोण से संवेदनशील राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों जैसे चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, मध्य प्रदेश, पंजाब एवं राजस्थान सरकारों को इन राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों के प्रत्येक माननीय संसद सदस्य (लोक सभा एवं राज्य सभा) के लिए पांच लाख रूपए की दर से निधियां सन् 2007 में जारी की गयी हैं। इस प्रकार की योजनाएं कार्यान्वित रखें, क्योंकि बाल लिंग अनुपात में कोई सुधार नहीं हुआ है।
2. मेहसाणा उत्तर गुजरात का बड़ा शहर है। वह मिल्क, ऑयल और इंडस्ट्रियल सिटी के नाम से जाना जाता है और उंझा जो एशिया की सबसे बड़ी मसाला मंडी है, लेकिन उनके साथ रेल स्टॉपेज के बारे में अन्याय हो रहा है। मेहसाणा में अभी भी 6 गाड़ियों (गरीब रथ, पोरबंदर- मुजफ्फरपुर, दादर-बीकानेर, अहमदाबाद-ऊधमपुर, यशवंतपुर-जोधपुर और कोच्चिवल्ली-बीकानेर) को स्टॉपेज नहीं मिल सका है। मेरा सरकार से अनुरोध है कि इन गाड़ियों को शीघ्र ही स्टॉपेज दिया जाए।

**श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी):** महोदया, कृपया निम्नलिखित अति-महत्वपूर्ण विषय को अगले सप्ताह की कार्यसूची में सम्मिलित करने की कृपा करें।

घाघरा नदी में बाढ़ के कारण बारांबकी, सीतापुर, बहराइच, गोण्ड़ा जनपदों में जन-जीवन अस्त- व्यस्त है। आबादी के पास मजबूत ठोकर एवं पक्के बांध बनाये जाएं ताकि हर वर्ष हो रही तबाही से बचा जा सके।

**श्री वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** महोदया, अगले सप्ताह की कार्यसूची में निम्नलिखित विषयों का समावेश किया जाये।

1. नदियों को आपस में जोड़ने की योजना के अंतर्गत बुन्देलखंड की केन बेतवा नदियों को जोड़ने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाये।

2. छतरपुर में विश्वविद्यालय खोलने का प्रस्ताव मध्य प्रदेश राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कर मानव संसाधन विकास मंत्रालय की स्वीकृति को भेजा गया है। इसे शीघ्र

प्रारंभ कराने की केन्द्रीय औपचारिकतायें पूरी की जायें।

**श्री ए.टी. नाना पाटील (जलगांव):** महोदया, आपसे अनुरोध है कि आगामी सप्ताह की कार्यवाही में निम्नलिखित विषयों को विचार के लिए जोड़ा जाये।

1. देश के किसानों के उत्पादित माल को घर तक या मार्केट तक पहुंचाने के लिए रास्ते नहीं होने से साल में देश को 40 से 50 हजार करोड़ रूपये का नुकसान हो रहा है। यह सरकार की रिपोर्ट में भी कहा गया है। इसी को देखते हुए महाराष्ट्र के जलगांव जिले से एक विशेष प्रस्ताव ग्रामीण विकास मंत्रालय और योजना आयोग में प्रस्तावित है। जो किसानों को खेती अंतर्गत रास्ता बनाने के लिए है, जिससे उत्पादित माल रास्ते के अभाव में खराब न हो, लेकिन उस पर सरकार ने अभी तक कोई सकारात्मक विचार नहीं किया है। इन मांगों को सरकार को गंभीरता से लेकर तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है।

2. जलगांव जिला, मध्य रेलवे और पश्चिम रेलवे दोनों जोन में आता है और यहां से काफी ट्रेनों का आना-जाना होता है, लेकिन पिछले कई सालों से जलगांव, चालीसगांव, धरणगांव, अमलनेर और पाचोरा में कुछ फ्लाई ओवर ब्रिज बनाने की घोषणा हुई है। लेकिन अभी तक उस पर कुछ काम नहीं हुआ है। कई सालों से लंबित इन मांगों को सरकार गंभीरता से लेकर तत्काल फ्लाई ओवर ब्रिज का काम शुरू करने की आवश्यकता है।

**अध्यक्ष महोदया :** आप लोग संक्षेप में बोलिये, पूरा विस्तार में मत जाइये।

**डॉ. किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी (अहमदाबाद पश्चिम):** महोदया, मेरी आपसे प्रार्थना है कि निम्नलिखित विषय को अगले सप्ताह की कार्यसूची में शामिल किया जाये।

नर्मदा नदी पर अंतरराज्य एवं बहुहेतुक सरदार सरोवर नर्मदा प्रोजेक्ट की ऊंचाई 121.92 मीटर सम्पन्न की गई है। उसे अपनी पूर्ण ऊंचाई 138.68 मीटर और उनके दरवाजे जल्द ही लगवाने

की कार्रवाई शीघ्र की जाये।

**श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली):** महोदया, आगामी सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित किया जाए :-

1. सरकार द्वारा देश में विद्यार्थियों को शिक्षा अध्ययन हेतु कक्षा 1 से 12 अथवा कक्षा 6 से 12 तक स्कूलों की स्थापना किए जाने के लिए एक प्रावधान बनाए जाने से संबंधित विषय।

2. पाकिस्तान बॉर्डर से केलिफोर्निया बादाम की तस्करी से भारतीय राजस्व को होने वाली क्षति से निपटने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने से संबंधित विषय।

**श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी):** महोदया, आगले सप्ताह की कार्य-सूची में निम्नलिखित विषयों को जोड़ा जाए और सदन में चर्चा कराई जाए :-

1. अन्य पिछड़ा वर्ग राष्ट्रीय आयोग को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग के समतुल्य संवैधानिक दर्जा दिया जाए एवं आरक्षण की सभी सुविधाएँ तथा प्रोन्नति में आरक्षण के लिए संवैधानिक व्यवस्था की जाए।

2. पश्चिम, पूर्व, उत्तर, दक्षिण तथा स्वर्णिम चतुर्भुज महामार्गों समेत अन्य राष्ट्रीय उच्च राजमार्गों के किनारे बढ़ रहे अतिक्रमणों के कारण यातायात पर अवरोधक दुष्प्रभाव पड़ रहा है। इसको रोकने के लिए तत्काल प्रभावी कानून बनाने के लिए इस विशेष महत्व के विषय पर चर्चा कराई जाए।

SHRI S. SEMMALAI (SALEM): Madam, the following items may be included in next week's agenda:-

1 Step to ease the corridor congestion for taking contracted power from other surplus States to meet immediate power requirement by Tamil Nadu which is facing power congestion in the Southern Corridor in utilizing the same and to postpone the proposal for further tightening the grid frequency till the situation improves.

2 Need to evolve a proper mechanism to avoid delay in coal linkage in starting new power plants and to expedite the allocated coal block to ensure uninterrupted power generation in the existing plants in Tamil Nadu and to urge the Ministry to frame proper guidelines to enable Tamil Nadu to import coal in a hassle-free manner.

**श्री हंसराज गं. अहीर (चन्द्रपुर):** महोदय, मैं निम्नलिखित लोक महत्व के मामले को अगले सप्ताह की कार्य-सूची में शामिल करने का अनुरोध करता हूँ।

1. देश में बाघों की संख्या लगातार कम हो रही है। अवैध शिकार और वन-व्यवस्थापन के कु- प्रबंधन के कारण बाघों की बढ़ती मृत्यु का संज्ञान लेकर इस पर अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाने की आवश्यकता।

2. मेरे निर्वाचन क्षेत्र के आर्णी और घाटंजी में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हुआ है। बाढ़ के कारण प्रभावित परिवार, व्यापारी तथा किसानों को तत्काल प्रभाव से केन्द्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की आवश्यकता।

MADAM SPEAKER: Hon. Members, if the House agrees, we may postpone Item No. 15 relating to Calling Attention for some other day. I think the House agrees.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

MADAM SPEAKER: The House stands adjourned for Lunch to meet again at 2.15 p.m.

**13.13 hrs**

# The Lok Sabha then adjourned for Lunch till

*Fifteen minutes past Fourteen of the Clock.*

*The Lok Sabha re-assembled at *forty-five minutes*

*past Fourteen of the Clock.*

(Mr. Deputy-Speaker *in the Chair*)